भोलेनाथ संग रहना | By Subhash Tilakdhari

ये शंकर हैं मेरा गहना
मुझे और नहीं कुछ सहना
मुझे भोलेनाथ संग रहना रहना
मुझे भोलेनाथ संग रहना

शिव तन पे भस्म रमाये हैं माथे पे चंदा साजे है
सर गंगा माँ की धारे हैं गल कुंडला नाग भी मारे हैं
मुझे शिव का दास बने रहना
मुझे कोमल जल है बहना बहना
मुझे भोलेनाथ संग रहना रहना
मुझे भोलेनाथ संग रहना

शिव पीते भांग प्याला शिव शंकर डमरू वाला
महाकाल हैं शिव भंडारी इसे पूजत भूत पिशारी
रुण्ड माला शंकर पहना
मुझे शिव का दास बने रहना रहना
मुझे भोलेनाथ संग रहना रहना
मुझे भोलेनाथ संग रहना

जो बम बम लेहरी बोले वो शिव मस्ती में डोले
ओ अमरनाथ बर्फानी तू है मेरी ज़िंदगानी
है भूतनाथ महादेवा सब करते तेरी सेवा सेवा
मुझे भोलेनाथ संग रहना रहना
मुझे भोलेनाथ संग रहना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-subhash-tilakdhari/